नसीम अल बहर 2022

भारतीय नौसेना जहाज़ (Indian Naval Ship- INS) त्रिकिंड, INS सुमित्रा और समुद्री गश्ती विमान (Maritime Patrol Aircraft- MPA) डोर्नियर ने 'नसीम अल बहर' (सी ब्रीज़) के 13वें संस्करण में भाग लिया।

- **INS त्रिकिंड एक फ्रंटलाइन फ्रिगेट है जो हथियारों और सेंसर** की बहुमुखी रेंज से लैस है। यह मुंबई में स्थित भारतीय नौसेना के पश्चिमी बेड़े का हिस्सा है।
- **INS सुमित्रा एक बहुभूमिका अपतटीय गश्ती पोत, विशाखापत्तनम स्थित भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े का हिस्सा है।**

//

नसीम अल बहर:

- **परिचय:**
  - यह **भारतीय नौसेना (Indian Navy- IN) और ओमान की रॉयल नेवी (Royal Navy of Oman-RNO)** के बीच एक द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास है।
  - यह अभ्यास 19 से 24 नवंबर, 2022 तक ओमान के तट पर आयोजित किया गया और इसके तीन चरण थे**बंदरगाह चरण, समुद्री चरण तथा डीब्रीफ।**
  - पहला IN-RNO अभ्यास **वर्ष 1993 में आयोजित किया गया था।**
  - वर्ष 2022 में **IN-RNO** द्विपक्षीय अभ्यास के **30 वर्ष पूरे हो गए हैं।**
- **महत्त्व:**
  - भारत और ओमान के बीच परंपरागत रूप से मधुर और मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं, जो समान सांस्कृतिक मूल्यों को साझा करते हैं।**नौसेना अभ्यासों ने इन द्विपक्षीय संबंधों को और मज़बूती दी है।**

भारत के अन्य द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास:

- **थाईलैंड:** भारत-थाईलैंड समन्वित गश्ती (इंडो-थाई कॉरपट)
- **इंडोनेशिया:** समुद्र शक्ति
- **सिंगापुर:** सिंगापुर-भारत समुद्री द्विपक्षीय अभ्यास (SIMBEX)

- कतर: ज़ैर-अल-बहर
- बांग्लादेश: बोंगोसागर अभ्यास
- श्रीलंका: श्रीलंका-भारत नौसेना अभ्यास (SLINEX)
- जापान: जापान समुद्री द्विपक्षीय अभ्यास (JIMEX), समुद्री साझेदारी अभ्यास (MPX)
- फ्राँस: वरुण (VARUNA)

स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/naseem-al-bahr-2022